माँ ज्वाला देवी की आरती

ॐ जय ज्वाला माई, मैया जय ज्वाला माई |
कष्ट हरण तेरा अर्चन, सुमिरण सुख दाई ||
ॐ जय ज्वाला माई ....

मैया जय ज्वाला माई, मैया जय ज्वाला माई |
कष्ट हरण तेरा अर्चन, सुमिरण सुख दाई ||
ॐ जय ज्वाला माई ....

अटल अखंड तेरी ज्योति, युग युग से ही जगे |
ऋषि मुनि सुर नर सबको, बड़ी प्यारी माँ लागे ||
ॐ जय ज्वाला माई ....

पार्वती रूप शिव शक्ति, तू ही माँ अम्बे |
पूजे तुम्हे त्रिभुवन के, देवता जगदम्बे ||
ॐ जय ज्वाला माई ....

लाखों सूरज फीके ज्योति तेरी आगे |
तेरे चिंतन से माँ भवका भय भागे ||
ॐ जय ज्वाला माई ....

चरण शरण में चल के जो तेरे द्वारे आये |
खाली कभी न जाए, वांछित फल पाए ||
ॐ जय ज्वाला माई ....

दुर्गति नाशक चंडिका, तू दानव दलनी |
दिन हिन् की रक्षक तू ही सुख करनी ||
ॐ जय ज्वाला माई ....

आठों सिद्धियाँ तेरे द्वार भरे पानी |
दान माँ तुझसे लेते बड़े बड़े महादानी ||
ॐ जय ज्वाला माई ....

चरण कमल तेरी धोकर, ध्यानु ने रस था पिया |
तेरी धुन में खोकर, शीश तेरे भेंट किया ||
ॐ जय ज्वाला माई ....

भक्तों के काज असंभव, संभव तू करती |
सुख रत्नों से सबकी झोलियाँ तू भरती ||
ॐ जय ज्वाला माई ....

eAstroHelp

धुप दीप पुष्पों से होए तेरा अभिषेक |
तेरे दर रंक को राजा बनते हुए देखा ||
ॐ जय ज्वाला माई ....

अष्ट भुजी सिंह वाहिनी तू माँ रुद्राणी |
धन वैभव यश देना हमको महारानी ||
ॐ जय ज्वाला माई ....

ज्योति बुझाने आये, राजे अभिमानी |
हार गए वो तुमसे, मूढ़ मति अज्ञानी ||
ॐ जय ज्वाला माई ....

माई ज्वाला तेरी आरती श्रद्धा से जो गाये |
वो निर्दोष उपासक, भव से तर जाए ||
ॐ जय ज्वाला माई ....

ॐ जय ज्वाला माई, मैया जय ज्वाला माई |
कष्ट हरण तेरा अर्चन, सुमिरण सुखदायी ||
ॐ जय ज्वाला माई ....

eAstroHelp